हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 13 जुलाई 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 केबल खुदाई से दो जगह फूटी पाइप लाइन...



07 मजदूरों से भरा लोडिंग वाहन पलटा, दो की मौत, 14...



**मंत्री राजपूत ने करोड़ों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

# जेरा बांध से 15 हजार एकड़ भूमि होगी सिंचित, 10 हजार किसानों को मिलेगा लाभ : मंत्री गोविंद सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिंगारमुंडी, मनेशिया, ढकरई, मूड़री, सेवन, करहद में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं नवीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करते हुए कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में प्रदेश की अग्रणी विधानसभा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि गांव-गांव तक विकास पहुंचाना है। आज विधानसभा क्षेत्र में सड़क, सिंचाई, बिजली, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं।

मंत्री राजपूत ने कहा कि पहले किसान वर्षा पर निर्भर रहते थे, जिससे खेती घाटे का सौदा मानी जाती थी। सरकार ने इस स्थिति को बदलने का संकल्प लिया और आज बड़े पैमाने पर सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 3 वर्ष पहले मेरे द्वारा किये गये प्रयासों से जेरा बांध परियोजना को धरातल पर लाया गया था, जो अब पूरा होने जा रहा है, जिसकी 171 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जेरा सिंचाई परियोजना से लगभग 23 ग्रामों की 15 हजार एकड़ भूमि सिंचित होगी, जिससे करीब 10 हजार किसान परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। अब सुरखी के किसान भी पंजाब की तरह 3 फसल ले सकेंगें। मसुरहाई, बांसा, खाहरमउ, देवलचैरी, ढकरई,मूड़री, करहद, महुआखेड़ाकला, सेमराकला, सेमराघोना, सेमराघाट, सेवन, सिंगारचैरी, सिंगारमुड़ी,



ताजपुर, मिडवासा, तोड़ातरफदार, रीछई सहित अनेक गांवों के किसानों को वर्षभर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। इसके अलावा सुरखी विधानसभा क्षेत्र में टेहरा बांध जिसकी लागत 400 करोड़ है इससे हजारों एकड़ भूमि सिंचित होगी। मिडवासा बांध परियोजना से किसानों को और लाभ मिलेगा। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में किसानों के लिए पर्याप्त सिंचाई व्यवस्था होगी।

मंत्री राजपूत ने कहा कि पहले संसाधनों के अभाव में किसान केवल एक फसल ले पाते थे, लेकिन अब सिंचाई सुविधाएं बढ़ने से दो और तीन फसलें ली जा रही हैं। आधुनिक कृषि तकनीकों, सिंचाई योजनाओं और सरकारी सहायता के कारण छोटे किसान भी लाखों रुपये का लाभ अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि यंत्रीकरण, उन्नत बीज, खाद उपलब्धता और सिंचाई परियोजनाओं जैसी योजनाओं ने किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आज किसान केवल खेती नहीं कर रहा, बल्कि आधुनिक संसाधनों और पर्याप्त सिंचाई सुविधाओं के कारण लाभकारी कृषि की ओर बढ़ रहा है।

### सड़कों का जाल, गांव-गांव पहुंच रहा विकास

मंत्री राजपूत ने कहा कि मजबूत सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं। सुरखी विधानसभा में लगातार नई सड़कों का निर्माण, सीसी रोड, पुल-पुलियों और ग्रामीण संपर्क मार्गों का विस्तार किया जा रहा है, जिससे किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी हो रही है। 650 करोड़ के जैसीनगर पहुंच मार्ग से हजारों लोगों को आवागमन का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास से गांवों की तस्वीर बदल रही है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल रही है। मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। किसानों को सिंचाई, खाद-बीज, कृषि उपकरण, फसल सुरक्षा, समर्थन मूल्य और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि किसान समृद्ध होगा तो गांव समृद्ध होगा, गांव समृद्ध होगा तो प्रदेश और देश भी विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा।

### सुरखी बनेगी विकास का आदर्श मॉडल

अपने संबोधन के अंत में मंत्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि विधानसभा का कोई भी गांव विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। सिंचाई, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जाएंगे, जिससे सुरखी विधानसभा प्रदेश में विकास का आदर्श मॉडल बन गई है। मंत्री राजपूत ने सीसी रोड, पुलिया निर्माण, जैसीनगर पहुंच मार्ग सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात दी।

## खबर संक्षेप

### शतचंडी यज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन 15 जुलाई से

**सागर।** कच्छ कड़वा पाटीदार समाजवाड़ी भवन भगवानगंज में 15 जुलाई से शतचंडी महायज्ञ एवं 19 जुलाई से श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्री मौनी जी महाराज कबूला पुल मंदिर के सानिध्य में किया जा रहा है। कथा एवं यज्ञ के मुख्य यजमान पंडित दिनेश पुष्पा शुक्ला ने बताया कि कच्छ कड़वा पाटीदार समाज वाड़ी भवन में 15 जुलाई से शतचंडी यज्ञ प्रारंभ होगा । यज्ञ आचार्य पंडित रामकुमार खमरिया एवं चंद्र भूषण तिवारी होंगे। इसके अलावा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 19 से 25 जुलाई तक किया गया है। नीलगिरी पीठाधीश्वर श्री आत्मानंद सरस्वती जी महाराज अपनी वाणी से रसिक श्रोताओं को कथा श्रवण कराएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से प्रारंभ होगी । समापन 25 जुलाई को होगा । कथा प्रारंभ के पूर्व 18 जुलाई को शाम 4:00 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो कबूला पुल से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई पाटीदार भवन में संपन्न होगी। महा प्रसादी एवं भंडारा का आयोजन 26 जुलाई को किया गया है। मुख्य यजमान पंडित दिनेश पुष्पा शुक्ला के अलावा मधु भाई, दल सुख भाई, राधे कृष्ण सत्संग परिवार के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### 13 से 18 तक संचालित होगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निर्देशों के परिपालन में सागर जिले में आगामी 13 जुलाई से 18 जुलाई तक 'दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान' के तृतीय चरण का संचालन किया जाएगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला, अनुभाग और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को मैदानी भ्रमण कर सख्त पर्यवेक्षण करने के निर्देश जारी किए हैं। इस महत्वपूर्ण अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाना है। इसके लिए पशुपालकों को तीन मुख्य स्तंभों नस्ल सुधार, पशु पोषण और पशु स्वास्थ्य के संबंध में प्रभावी रूप से जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान निर्धारित अमला, जिसमें सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, गौसेवक और पशु सखी शामिल हैं, गांवों का सघन भ्रमण करेंगे। ये दल विशेष रूप से 3 से 4 गौवंशीय तथा भैंसवंशीय पशु रखने वाले पशुपालकों के घरों पर जाकर भौतिक सत्यापन करेंगे और उन्हें पशु प्रबंधन की आवश्यक तकनीकी जानकारी प्रदान करेंगे। कलेटर प्रतिभा पाल द्वारा अभियान की शुचिता और गति को बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के पर्यवेक्षण कार्य और लक्ष्य निर्धारित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत को जिले के न्यूनतम 03 ग्रामों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण करने, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम- समस्त) को अपने-अपने कार्यक्षेत्र के प्रत्येक विकासखंड के न्यूनतम 04 ग्रामों का अनिवार्य रूप से भ्रमण करने, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत (सीईओ- समस्त) को अपने कार्यक्षेत्र के प्रत्येक विकासखंड के न्यूनतम 04 ग्रामों का भ्रमण कर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा जिला पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी को जिले के प्रत्येक विकासखंड के न्यूनतम 02 ग्रामों का सघन भ्रमण कर विभागीय जानकारियों का धरातल पर सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं।

## गढ़ाकोटा की होनहार बेटी राशि चौबे बनीं खनिज निरीक्षक, प्रदेश में 35वीं रैंक



**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा की होनहार एवं प्रतिभाशाली बेटी राशि चौबे ने मध्य प्रदेश खनिज निरीक्षक भर्ती परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खनिज निरीक्षक के पद पर चयन प्राप्त किया है। उन्होंने प्रदेश की मेरिट सूची में 35वीं रैंक हासिल कर नगर गढ़ाकोटा, जिला सागर तथा अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। राशि पिछले पाँच वर्षों से इस प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी में निरंतर जुटी हुई थीं। यह उनका तीसरा इंटरव्यू था। इसके पूर्व राशि 3 इंटरव्यू 2023 2024 व 2025 भी दे चुकी है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी उन्होंने इंटरव्यू सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया था, किंतु उनका चयन प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) में हुआ था। बाद में उनकी वेटिंग भी क्लियर हो गई। इसके बावजूद उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी और इस वर्ष शानदार सफलता हासिल की । इस उपलब्धि के अवसर पर राशि चौबे एवं उनके परिवार ने अपने स्वर्गीय पिता राजकुमार चौबे (राजू चौबे) को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें स्नेहपूर्वक स्मरण किया और राशि चौबे ने इस एतिहासिक सफलता में अपने ससुराल पक्ष के समर्पण और समर्थन का भी महत्तवपूर्ण योगदान बताया परिवार ने कहा कि राशि की इस सफलता के पीछे उनके स्वर्गीय पिता के संस्कार, प्रेरणा और मार्गदर्शन के साथ-साथ राशि की वर्षों की कड़ी मेहनत, लगन एवं दृढ़ संकल्प का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दोनों परिवारों ने संयुक्त रूप से राशि को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी परिवार ने इस सफलता को अपने स्वर्गीय पिता की स्मृतियों को समर्पित करते हुए उन्हें अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा बताया।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महापौर ने बाघराज वार्ड में किया पौधारोपण

**सागर।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित सागर के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा संचालित ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत महापौर संगीता सुशील तिवारी ने रविवार को बाघराज वार्ड स्थित श्मशान घाट परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन द्वारा देश को स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के माध्यम से देशभर में करोड़ों पौधे लगाए जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए। महापौर ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। पौधे लगाने के साथ-साथ उनका संरक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घर, मोहल्ले, विद्यालय, सार्वजनिक स्थलों एवं खाली भूमि पर पौधे लगाकर हरित सागर के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। महापौर प्रतिनिधि डॉ सुशील तिवारी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, वास्तव में जिस प्रकार से वृक्षों की कटाई की गई है उससे ज्यादा पौधारोपण हम सबको मिलकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करना जितना महत्वपूर्ण है उससे ज्यादा उनकी देखभाल करना भी जरूरी है।




### वीरोदय विद्यापीठ हाई स्कूल में हुआ सेमिनार संपन्न

**रहली।** ग्राम अनंतपुरा स्थित वीरोदय विद्यापीठ हाई स्कूल, के प्रांगण में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और सही दिशा-निर्देश के लिए मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजित सेमिनार में' मुख्य वक्ता अजेय भारत प्रकल्प फाउंडेशन' के मैनेजिंग डायरेक्टर अजेय शेष ने अपने अनुभवों और अमूल्य विचारों से छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया, जिससे बच्चों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।दीपक जैन डायरेक्टर विरोदय विद्या पीठ इंग्लिश मीडियम स्कूल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सेमिनार स्कूल के सभी शिक्षकों, जागरूक अभिभावकों और प्रिय बच्चों की गरिमामयी उपस्थिति एवं सक्रिय भागीदारी के कारण ही ऐतिहासिक रूप से सफल रहा। साथ ही श्री जैन ने एमडी अजेय शेष का सहृदय आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के मार्गदर्शन के लिए अपना बहुमूल्य समय निकाला। साथ ही सभी शिक्षक गणों और अभिभावकों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कोई भी बच्चा प्रवेश से न छूटे, शत-प्रतिशत नामांकन और सुविधाओं को लेकर बीईओ-बीआरसी की जिम्मेदारी तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कार्यों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन की लोक कल्याणकारी और छात्र-हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कक्षा 1 से 12वीं तक शासकीय और निजी दोनों ही प्रकार के विद्यालयों में जिले के हर बच्चे का प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में लापरवाही मिलने पर संबंधित क्षेत्र के बीईओ और बीआरसी की सीधी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों के लिए निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का भौतिक वितरण सुनिश्चित कर उसे पोर्टल पर तत्काल अपलोड किया जाए। इसके साथ ही कक्षा 6 और 9 से 12वीं के छात्रों के लिए शासन द्वारा जारी निर्देश अनुरूप साइकिल, स्कूटी, लैपटॉप, पुस्तकों आदि के वितरण की तैयारी जुलाई में ही पूरी करने के निर्देश दिए। साइकिल वितरण में पारदर्शिता के लिए बीईओ स्वयं वेंडर को बुलाकर अपने सामने साइकिल असेंबली का कार्य करवाएं। गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे मुख्य विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु इन विषयों के शिक्षकों को अन्यत्र कही अटैच न किया जाए तथा अपार आईडी निर्माण की प्रगति रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि एससी और एसटी छात्रावासों में दर्ज बच्चों की संख्या उनकी स्वीकृत क्षमता से कम नहीं होनी चाहिए। सभी सीटों पर शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। छात्रावासों में नियमित साफ-सफाई, परिसरों में उगी झाड़ियों की कटाई और पेयजल टंकियों की सफाई तत्काल कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी छात्रावास अधीक्षकों को अनिवार्य रूप से परिसर में वृक्षारोपण करने को कहा गया है।

बैठक में ओबीसी छात्रवृत्ति वितरण, विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना और शौर्य संकल्प योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। वनाधिकार अधिनियम और स्वरोजगार योजनाएं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने वनाधिकार अधिनियम के तहत एसडीओ स्तर पर लंबित सभी दावों को जुलाई माह के अंत तक हर हाल में आगे बढ़ाकर जिला वनाधिकार समिति के पास भेजने के कड़े निर्देश दिए।



## आपदा प्रबंधन एवं जागरूकता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण में 250 युवा हुए शामिल

**खुरई ।** सत्य साई सेवा संगठन जिला सागर की खुरई समिति ने शनिवार को एक दिवसीय आपदा प्रबंधन एवं जागरूकता पर आरएलएम कॉलेज खुरई में प्रशिक्षण आयोजित किया। इसमें 250 से ज्यादा स्कूल, कॉलेज और अन्य जागरूक युवाओं ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण प्रांत स्तरीय आपदा प्रबंधन प्रभारी ट्रेनर जबलपुर से आए मनोज तिवारी, कटनी से प्रदीप चौरसिया, अमृत प्रथम चौरसिया ने दिया। उक्त प्रशिक्षण में छात्र छात्राओं ने आपदाओं का विज्ञान, रस्सियों से बांधी जाने वाली गांठें, बचाव तकनीकी, अग्नि शमन का उपयोग एवं बचाव एवं प्राथमिक चिकित्साओं के बारे में जाना एवं आपदाओं/आकस्मिक परिस्थितियों में उपयोग में आने वाली विभिन्न तकनीकी बातों को सीखा। प्रशिक्षण में बताया कि आपदा के समय संयम, धैर्य और तत्परता जरूरी होती है। आपदा से बचाव की जानकारी होने पर हम स्वयं तो बचते ही हैं साथ कई लोगों की जान बचा सकते हैं। भूकंप के दौरान भूकंप के कुछ सेकंड बाद फिर आने वाला कंपन ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। आपदा शब्द ही ऐसा है कि जो बिना बताए समस्या उत्पन्न हो। इसलिए हम सबको इसकी ट्रेनिंग लेना चाहिए। उक्त प्रशिक्षण 90 छात्र, 100 छात्राएं, 20 कॉलेज स्टाफ एवं 50 सेवादल ने लिया। उपरोक्त ट्रेनिंग के दौरान सागर जिले की हनोता, खुरई, देवरी, सागर समिति से 25 सेवादलों द्वारा अपनी सेवाएं स्वामी के चरणों मे अर्पित की गई। इस दौरान श्री सत्य साई सेवा संगठन सागर के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा, खुरई समिति संयोजक रीतेश दुबे, जिला आध्यात्मिक प्रभारी खुरई डॉ नीतेश दुबे, जिला सेवा प्रभारी सरवन सिंह यादव, डॉ हेमलता रिछारिया, डॉ शिवम रिछारिया, डॉ कमला नायक, परख नायक, सागर समिति संयोजक जितेन्द्रजीत यादव, हनौता समिति संयोजक कृपाल सिंह यादव, सचिन कुर्मी, राज गोपाल यादव, सुनील विश्वकर्मा, पंकज चौरसिया, डॉ विजय सर, मनोज सोनी, के के उपाध्याय, राकेश यादव, मंशाराम प्रजापति, राजेश मिश्रा, अंकित सेन, बसंत यादव, सौरभ दुबे, अंतेश कुर्मी आदि उपस्थित रहे।

**गढ़ाकोटा में दो सौ साल से ज्यादा समय से चली आ रही रथयात्रा की तैयारियां जोरों पर**


# भक्त के लिए भगवान पड़े बीमार, नब्ज टटोलने पहुंचे वैद्य ने दिया काढ़ा, खिचड़ी का भोग लगेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सागर के सिद्ध क्षेत्र पटेरिया स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ स्वामी मंदिर गढ़ाकोटा में दो सौ साल से ज्यादा समय से चली आ रही रथयात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। सागर जिले के गढ़ाकोटा में हर साल निकलने वाली रथयात्रा में बुंदेलखंड के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। इस साल 16 जुलाई को प्रभु प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगे. साथ ही भक्तों को शुद्ध घी से बने मालपुये का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

मान्यता है कि जो भक्तगण पुरी उड़ीसा नहीं जा पाते हैं, वे गढ़ाकोटा पहुंचकर पुरी जैसे दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करते हैं. रथ यात्रा की पहले सभी परंपराएं विधिवत निभाई जाती हैं. 11 दिन पहले बीमार हुए भगवान की नाड़ी देखकर इलाज करने की परंपरा गढ़ाकोटा का तिवारी परिवार तीन पीढियों से निभारहा है।इसी कड़ी में रविवार को जगन्नाथ स्वामी की नव्ज टटोलने के बाद वैद्य ने औषधियुक्त काढ़ा देने की सलाह दी है।

गढ़ाकोटा में दो सौ साल से अधिक जगन्नाथ पुरी की तरह रथयात्रा निकाली जा



रही है। इस वर्ष इस भव्य दिव्य रथ यात्रा का 250 वां वर्ष है।

रथयात्रा के दिन गढ़ाकोटा में भगवान जगन्नाथ के दर्शनों के लिए जनसैलाब उमड़ता है। रथ यात्रा के ठीक 14 दिन पहले भगवान बीमार पड़ जाते हैं और उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए महंत और महामंडलेश्वर हरिदास जी ने वैद्य बुलाने की परंपरा का निर्वाहन किया। पिछली तीन पीढ़यों से वैद्य परम्परा निभा रहे तिवारी परिवार के वैद्य पं.अम्बिकाप्रसाद तिवारी ने जगदीश मंदिर पहुंचकर भगवान की नब्ज टटोली और नब्ज के हिसाब से भगवान के लिए औषधि दी। औषधि का काढ़ा बनाकर भोग लगाया गया। और फिर मूंग दाल का पानी भगवान को पिलाया जाएगा। भगवान जगन्नाथ रथ दोज से पहले स्वस्थ्य हो जाते हैं।

इसी वर्ष क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने मंदिर परिसर में दिव्य देवी लोक मणिद्वीप एवं नवग्रह पीठ की स्थापना तथा सात दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन व महाप्रसादी वितरण के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया था।

### गाजे बाजे के साथ अलग-अलग रथों पर विराजमान होकर नगर भ्रमण को निकलते हैं जगत के पालनहार

अषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन गाजे बाजे के साथ अलग-अलग तीन रथों पर विराजमान होकर श्री जगन्नाथ स्वामी,श्री बलराम जी बहिन सहोद्रा जी बाजार स्थित मालगुजार परिवार के जनकपुरी मंदिर नगर भ्रमण के बाद 14 दिन ठहरते हैं ।

इसके पूर्व इस भव्य रथयात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया जाता है साथ ही भगवान कि आगवानी के लिए मालगुजार परिवार मिर्चवानी से सभी भक्तों का स्वागत करते हैं। इस भव्य रथयात्रा में बड़ी संख्या प्रदेश सहित ग्रामीण क्षेत्रों से श्रृद्धालु शामिल होते हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रक से टकराया दूसरा ट्रक, चालक का पैर टूटा

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बिरधा तिराहे पर लापरवाही से ट्रक चलाने के कारण एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से चल रहे एक अज्ञात ट्रक चालक ने बिना इंडिकेटर दिए अचानक वाहन मोड़ दिया, जिससे पीछे आ रहा ट्रक उसके पिछले हिस्से से जा टकराया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। चालक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कानपुर देहात जनपद के ग्राम हृदयपुर (पोस्ट आर.एस. पामा) निवासी वीर बहादुर सिंह, पुत्र स्व. पृथ्वीराज, ट्रक संख्या यू.पी. 78 एम.एन. 0102 के चालक हैं। 5 जुलाई 2026 को वह कानपुर से ट्रक लेकर हैदराबाद के लिए रवाना हुए थे। दोपहर करीब 11 बजे जब उनका ट्रक ललितपुर के बिरधा तिराहे पर पहुंचा, तभी सामने चल रहे एक अज्ञात ट्रक चालक ने अचानक बिना कोई इंडिकेटर दिए अपना वाहन मोड़ दिया। अचानक हुए इस मोड़ के कारण वीर बहादुर सिंह अपने ट्रक को नियंत्रित नहीं कर सके और उनका ट्रक आगे वाले ट्रक के पिछले हिस्से से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक वीर बहादुर सिंह केबिन में फंस गए। हादसे में उनके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं, जिनमें एक पैर फ्रैक्चर हो गया। कोतवाली पुलिस ने वीर बहादुर सिंह की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बाइक ने व्यापारी को मारी टक्कर, जबड़ा टूटा

**ललितपुर।** नाराहट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने का मामला सामने आया है। दिगवार गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास रॉन्ग साइड से आ रही एक बाइक ने सामने से दूसरी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बकरा व्यापारी नितिन खटीक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके चेहरे और जबड़े में गंभीर फ्रैक्चर होने के कारण पहले जिला अस्पताल और बाद में भोपाल के निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराना पड़ा। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना जाखलौन के ग्राम ग्राम पिपरई निवासी नितिन खटीक बकरा खरीद-बिक्री का कार्य करते हैं। बीते 5 जून 2026 की शाम करीब 4.30 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल एमपी 08 एमएक्स 6878 से ग्राम पारौल से वापस घर लौट रहे थे। जब वह दिगवार पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी नाराहट की ओर से आ रही हीरो स्प्लेंडर प्लस (यू.पी. 94 ए.एम. 0407) के चालक ने तेज गति और लापरवाही से रॉन्ग साइड में आकर उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि नितिन खटीक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके चेहरे और जबड़े में गंभीर चोटें आईं तथा जबड़ा फ्रैक्चर हो गया।

### ट्रॉली से बाहर निकली सरिया बनीं जानलेवा

**ललितपुर।** जखौरा थाना क्षेत्र में सरिया लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रॉली में लदी लोहे की सरियां सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए पीछे की ओर निकली हुई थीं। पीछे से हुई जोरदार टक्कर के बाद सरियां युवक के शरीर में धंस गईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जखौरा थाना क्षेत्र के ग्राम नौहरकला निवासी जयपाल पुत्र सूरत सिंह 3 जुलाई 2026 की रात अपनी मोटरसाइकिल (यू.पी.94 ए.एल. 7027 से ललितपुर से घर लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे जब वह ग्राम सीरौनकला स्थित टौरिया नहर की पुलिया के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोहे की सरिया लदी हुई थीं, जो ट्रॉली से बाहर निकली हुई थीं।

## वार्डों में जल सप्लाई न होने से वार्डवासियों को हुई असुविधा

# केबल खुदाई से दो जगह फूटी पाइप लाइन, हजारों लीटर पानी बहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





गत दिवस थाने के सामने फूटी पाइप लाइन के बाद शनिवार की सुबह उससे थोडे ही आगे दूसरी जगह से भी पाइप लाइन फूट गई। जिससे सुबह से ही हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। बाद में नपा ने लाइन में जलप्रदाय बंद कराते हुए क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत शुरू की। जिससे शनिवार की सुबह नगर के अनेक वार्डों में जलप्रदाय बंद रहा और लोगों को जलापूर्ति के लिए असुविधाओं का सामना करना पडा।

यहां उल्लेखनीय है कि गत दिवस बीएसएनएल की केबल लाइन के लिए ड्रिल मशीन से खुदाई की जा रही थी। जिससे थाने के सामने नपा की मुख्य जलप्रदाय लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी और उससे हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बह गया था। गत दिवस नपा ने इस जगह पर क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत कर जलप्रदाय शुरू कर दिया था, लेकिन जलप्रदाय शुरू हुए कुछ ही समय हुआ था कि थाने से कुछ दूर पोस्ट आफिस के सामने मुख्य जलप्रदाय लाइन फिर से क्षतिग्रस्त हो गई और उससे हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बहता रहा। सुबह राहगीरों ने पोस्ट ऑफिस के सामने पाइप लाइन से लीकेज देखा और पाया कि पाइप लाइन से इतना पानी फैल गया था के आसपास के परिसर सहित सडक पर भी पानी जमा हो गया था। इसकी जानकारी मिलने पर नपा प्रशासन ने मुख्य लाइन में जलप्रदाय बंद कर मरम्मत कार्य शुरू किया। जिससे रेलवे स्टेशन, बरेठ रोड, त्योंदा रोड क्षेत्र में सुबह के समय का जलप्रदाय नहीं हो सका और लोगों को जलापूर्ति के लिए तरह तरह के जतन करना पडे। उधर दोपहर में लाइन की मरम्मत के बाद जलप्रदाय शुरू किया गया और उसके बाद वार्डों में स्थित टंकियों को भरा गया। जिससे शाम के समय नगर में जलप्रदाय किया जा सका। जलप्रदाय शाखा प्रभारी सुनील यादव के अनुसार गत दिवस मशीन से की गई ड्रिलिंग में थाने के सामने लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, साथ ही पोस्ट आफिस के सामने भी लाइन को क्षति पहुंची थी। जिससे रात में जलप्रदाय शुरू होते ही दबाब पडने पर पोस्ट आफिस के सामने भी पाइप लाइन फूट गई थी।

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा ने बताया कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराकर जलप्रदाय शुरू करवा दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि लापरवाही पूर्वक केबल डालने का कार्य करने वालों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व जनसंख्या दिवस मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी ने किया। इसके पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले के द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि 11 जुलाई 1987 को दुनिया की जनसंख्या 5 अरब हो गई थी। पूरी दुनिया के लिए तेजी से बढ़ती आबादी चिंता का कारण थी। यूनाइटेड नेशंस ने बढ़ती आबादी को काबू करने एवं परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 11 जुलाई 1989 को एक कार्यक्रम आयोजित किया था। जिसमें पहली बार विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। अगले साल यूनाइटेड नेशंस ने इस दिन को हर साल मनाने की घोषणा की और 1990 में 90 से ज्यादा देशों में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। तब से हर साल दुनिया भर में अलग-अलग देश में इस दिन को मनाते आ रहे हैं। हर साल अलग-अलग थीम पर इस दिन को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्ण विश्व में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना है। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर दिलीप देसाई, विजय अरोड़ा, सोढू भाई, नंदकिशोर सोनी, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी, मोहन सैनी सहित अनेक पाठक उपस्थित थे।

### अलंकरण समारोह संपन्न

**गंजबासौदा।** गत दिवस सेंट जोसेफ विद्यालय में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप चौरसिया एवं एसोसिएट एनसीसी अधिकारी अनिल दुबे, विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रदर एंटनी, हेड बॉय अनुनय माथुर तथा हेड गर्ल मीनल साहू द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। जिसके बाद विद्यार्थियों ने प्रार्थना नृत्य, समूह गान एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थितों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यालय की नवगठित छात्र परिषद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प दिलाया गया।

## भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक संपन्न, जल संरक्षण से समृद्ध होगा किसान

# खेत तालाब योजना बनेगी ललितपुर की नई पहचानः डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




कृषि प्रधान जनपद में जल संरक्षण एवं जल संचयन को जल आन्दोलन का स्वरूप देकर किसानों की आय बढ़ाने तथा सिंचाई सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन एवं सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, बदलते मौसम, सामान्य से कम वर्षा तथा सम्भावित सूखे की परिस्थितियों को देखते हुए खेत तालाब योजना किसानों के लिए अत्यन्त लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने जिला भूमि संरक्षण अधिकारी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक किसानों के खेतों में तालाब खुदाई करायी जाए, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सेटेलाइट का उपयोग करते हुए पानी की ढाल के आधार पर तालाब बनाये जाएं, जिससे वर्षा के दौरान तालाब भर सके। इसके लिए योजनान्तर्गत पात्र किसानों को सरकार द्वारा 50 प्रतिशत दिये जा रहे अनुदान का लाभ उनके बैंक खातों में सीधे पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि खेत तालाब योजना केवल जल संरक्षण का माध्यम नहीं है, बल्कि किसानों को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। खेतों में तालाब बनने से वर्षा जल का संचयन होगा, भूजल स्तर में सुधार आयेगा तथा किसान वर्ष भी सिंचाई की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही तालाबों को उपयोग मत्स्य पालन, सिंघाड़ा जैसी जलीय खेती तथा अन्य आयवर्द्धक गतिविधियों के लिए भी किया जाएगा, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारी सरस कुमार तिवारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में भूमि संरक्षण इकाई ललितपुर एवं महरौनी के माध्यम से जनपद में 180 खेत तालाबों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, योजना के अंतर्गत 22 वाई 20 लम्बाई/चौड़ाई व 3 मीटर गहराई आकार के खेत तालाब के निर्माण पर कुल लागत रु0 1 लाख 5 हजार के सापेक्ष 50 प्रतिशत अर्थात 52500 का अनुदान दो किश्तों में दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर ग्राम पंचायतों, किसान गोष्ठियों एवं कृषि विभाग के माध्यम से किया जाए, ताकि अधिकाधिक किसान इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र किसान का कृषि विभाग में पंजीकरण एवं फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित कराते हुए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया सरल एवं पारदर्शी बनायी गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि प्रत्येक किसान अपने खेत में वर्षा जल का संरक्षण करेगा तो सिंचाई की समस्या काफी हद तक समाप्त होगी। फसल उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आर्थिक स्थिमि मजबूत होगी। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष व सदर विधायक ने किसानों की ओर से फीडबैक देते हुए बताया कि तालाब खुदाई के दौरान निकलने वाली बड़ी मात्रा में मिट्टी को परिवहन की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि किसान तालाब की मिट्टी को अन्य जगह अपने उपयोग कर सके और तालाब की गहराई वास्तविक माप के अनुसार रहे।

## नदी-नालों और तालाबों के किनारे हो सघन पौधरोपणः सुनील शर्मा

**ललितपुर।** जिले में चल रहे वृक्षारोपण महाअभियान को अधिक प्रभावी और स्थायी बनाने के उद्देश्य से आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। संस्था अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा ने मांग की है कि जिले के सभी छोटे-बड़े नदी, नालों और तालाबों के किनारों को भी वृक्षारोपण अभियान में प्राथमिकता के साथ शामिल किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिल सकें। डीएफओ को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद के सभी नदी-नालों की दोनों पट्टियों तथा तालाबों के चारों ओर सघन पौधरोपण कराया जाए। जलस्त्रोतों के समीप लगाए गए पौधों को पर्याप्त नमी और पानी आसानी से उपलब्ध होता रहेगा, जिससे उनके जीवित रहने की संभावना काफी बढ़ जाएगी। इससे पौधों के रखरखाव पर होने वाले अतिरिक्त खर्च और सिंचाई की समस्या भी काफी हद तक कम हो सकेगी। संस्था अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यदि जलस्त्रोतों के आसपास बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाता है तो इससे न केवल क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी, बल्कि मिट्टी का कटाव भी रुकेगा, भूजल संरक्षण को बल मिलेगा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। साथ ही स्थानीय लोगों को स्वच्छ हवा, अधिक ऑक्सीजन और प्राकृतिक वातावरण का लाभ प्राप्त होगा। ज्ञापन में कहा है कि नदी, नाले और तालाबों के आसपास विकसित होने वाली हरित पट्टियां जनपद के सौंदर्यीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह पहल भविष्य में जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने और जैव विविधता के संरक्षण में भी सहायक सिद्ध हो सकती है। प्रशासन और वन विभाग से अपील की है कि जनपद के सभी प्रमुख एवं छोटे जलस्त्रोतों का सर्वे कर उन्हें योजना में शामिल किया जाए।

## कृषि विभाग और पुलिस के छापे में मुफ्त बीज की बड़ी खेप बरामद

# रावतयाना टपरियन के दो मकानों से 185 बोरी मूंगफली बीज जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



सदर कोतवाली क्षेत्र के रावतयाना टपरियन मोहल्ले में देर रात कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए किसानों को सरकारी योजनाओं के तहत मुफ्त वितरित किए जाने वाले मूंगफली बीज का बड़ा जखीरा बरामद किया।

टीम ने दो मकानों में छापेमारी कर करीब 185 बोरियां मूंगफली बीज जब्त किया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कृषि विभाग को सूचना मिली थी कि रावतयाना टपरियन स्थित कुछ मकानों में किसानों के लिए शासन से उपलब्ध कराए जाने वाले मुफ्त मूंगफली बीज का अवैध रूप से भंडारण किया गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और दोनों मकानों में तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में मूंगफली बीज की बोरियां मिलीं, जिन्हें टीम ने मौके से जब्त कर लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जब्त बीज की कुल संख्या लगभग 185 बोरी बताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि यह बीज किसानों तक पहुंचने से पहले ही अवैध रूप से संग्रहित कर लिया गया था और इसकी कालाबाजारी की तैयारी की जा रही थी। हालांकि इसकी पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। उप कृषि अधिकारी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद बीज कहां से लाया गया, किसके नाम आवंटित था तथा इसके अवैध भंडारण के पीछे कौन लोग शामिल हैं। जांच के आधार पर संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। देर रात चली इस कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कृषि विभाग और पुलिस ने जब्त बीज को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक अभिलेखों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यदि सरकारी बीज की कालाबाजारी या गबन की पुष्टि होती है तो आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग की इस कार्रवाई को किसानों के हितों की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सरकारी योजना में लोन दिलाने का झांसा देकर खुलवाया बैंक खाता

# साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराया गया म्यूल अकाउंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सरकारी रोजगार योजना के नाम पर बेरोजगार युवक को लोन दिलाने का झांसा देकर उसका बैंक खाता खुलवाने और बाद में उसी खाते का इस्तेमाल साइबर ठगी में करने का मामला सामने आया है। जखौरा थाना पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर मध्य प्रदेश निवासी आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जखौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसी निवासी रिषभ सेन पुत्र नाथूराम सेन बेरोजगार हैं। कुछ समय पूर्व मध्य प्रदेश के शिवपुरी जनपद के पिछोर कस्बा निवासी अमित लोधी उनके गांव आया और खुद को सरकारी योजनाओं की जानकारी रखने वाला व्यक्ति बताते हुए रोजगार योजना के तहत लोन दिलाने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने दावा किया कि उसके माध्यम से आसानी से सरकारी ऋण स्वीकृत हो जाएगा। आरोप है कि अमित लोधी रिषभ सेन को अपने साथ जखौरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक ले गया, जहां उसका नया बैंक खाता खुलवाया गया। खाता खुलने के बाद आरोपी ने यह कहते हुए ऋषभ का मोबाइल सिम अपने पास रख लिया कि योजना से संबंधित औपचारिकताएं पूरी करने और ओटीपी प्राप्त करने के लिए इसकी आवश्यकता पड़ेगी। कुछ दिनों बाद जब डाक के माध्यम से रिषभ के घर बैंक की पासबुक, चेकबुक और एटीएम कार्ड पहुंचे तो आरोपी दोबारा उसके घर पहुंचा और यह कहकर सभी दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए कि आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही ऋण की राशि खाते में आ जाएगी। काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो कोई लोन स्वीकृत हुआ और न ही दस्तावेज वापस मिले। बाद में उसे जानकारी मिली कि उसके बैंक खाते का उपयोग साइबर ठगी की रकम जमा करने और निकालने के लिए किया गया है। जब उसने आरोपी से अपना एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक और अन्य दस्तावेज वापस मांगे तो आरोपी ने देने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर उसने कथित रूप से पुलिस में शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। इसके बाद रिषभ सेन ने जखौरा थाने पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत पर जांच शुरू की और प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# डिजिटल अरेस्ट, जेल की धमकी देकर ऐंठते थे रुपए


## पुलिस अधिकारी बनकर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**ललितपुर।** जखौरा थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह का खुलासा हुआ है, जो खुद को पुलिस अधिकारी बताकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। बदनामी और जेल भेजने का भय दिखाकर गिरोह लोगों से रुपये वसूलता था। साइबर सेल की जांच में इस गिरोह की कार्यप्रणाली का खुलासा होने के बाद जखौरा पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जबकि गिरोह के कथित मास्टरमाइंड की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार प्रतिबिंब पोर्टल पर दर्ज साइबर ठगी की शिकायत के आधार पर जखौरा साइबर सेल ने जांच शुरू की। साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक धामा ने पीड़ित से संपर्क किया तो उसने बताया कि कुछ लोगों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए फोन किया और कहा कि उनके पास उसका अश्लील वीडियो है। ठगों ने वीडियो वायरल करने और जेल भेजने की धमकी देकर तत्काल रुपये जमा कराने का दबाव बनाया। डर और बदनामी के भय से पीड़ित ने उनके बताए खाते में रकम ट्रांसफर कर दी। साइबर सेल ने ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबर की तकनीकी पड़ताल की। यह सिम कार्ड सुरेंद्र सिंह, निवासी ग्राम घिसौली, थाना जखौरा के नाम पर पंजीकृत मिला, जबकि उसका इस्तेमाल उसका चचेरा भाई रितिक लोधी कर रहा था। रितिक लोधी ने कई अहम खुलासे किए। उसने बताया कि 8 अप्रैल 2026 को जखौरा बस स्टैंड पर उसकी मुलाकात दो व्यक्तियों से हुई थी, जिन्होंने अपने नाम अनिकेत और भोले बताए तथा खुद को मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के लखैपुर गांव का निवासी बताया। दोनों ने रितिक को बैंक खाते का इस्तेमाल कराने के बदले प्रति ट्रांजैक्शन एक हजार रुपये कमीशन देने का लालच दिया।

## कुशवाहा समाज पंचायत मंडल की बैठक संपन्न

# शिक्षा, नशामुक्ति और संगठन सशक्त बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शहर स्थित कौशल किशोर मंदिर (कुशकुटी) में कुशवाहा समाज पंचायत मंडल की महत्वपूर्ण बैठक उत्साहपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान शिक्षा, सामाजिक संगठन, नशामुक्ति, बरसात के मौसम में स्वास्थ्य सुरक्षा तथा आगामी पंचायत एवं विधानसभा चुनावों में समाज की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्षता पंचायत मंडल मीडिया प्रभारी राहुल कुशवाहा ने की। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी शिक्षा, संगठन और आपसी एकता में निहित होती है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित और संगठित समाज ही विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। पंचायत मंडल संरक्षक भजनलाल कुशवाहा ने बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने, साफ पेयजल का उपयोग करने, जलभराव से बचने तथा मच्छरों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सावधानी और जागरूकता से ही मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। पंचायत मंडल कोषाध्यक्ष संतोष कुशवाहा ने आगामी विधानसभा, ग्राम पंचायत एवं जिला पंचायत चुनावों के मद्देनजर समाज से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। यदि समाज संगठित होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएगा तो उसका प्रतिनिधित्व और सम्मान दोनों मजबूत होंगे।

## मेवाड़ा के पास हादसा, धान रोपाई के लिए मजदूरों को लेकर जा रहा था लोडिंग वाहन

# मजदूरों से भरा लोडिंग वाहन पलटा, दो की मौत, 14 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में मेवाडा और चिमलका के बीच एक लोडिंग वाहन पिकअप तब पलट गया,जब धान रोपाई के लिए मजदूरो को लेकर मेवाडा जा रहा था। शनिवार की रात करीब साढे 11 बजे घटित हुए इस हादसे में दो मजूदरों की मौत हो गई। जबकि करीब 14 मजदूर घायल हो गए। जिनमें महिला और बच्चे भी शामिल है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल में दाखिल करवाया। हादसे के बाद पिकअप का चालक वाहन को छोडकर भाग निकला। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक सडक दुर्घटना का शिकार हुए लोडिंग वाहन पिकअप में करीब 25-30 मजदूर सवार थे। यह मजदूर शिवपुरी जिले के पोहरी थाना क्षेत्र के ग्राम मडखेड़ा गांव से श्योपुर जिले के मेवाड़ा क्षेत्र में धान रोपाई के कार्य के लिए आ रहे थे। रात्रि के दौरान चिमलका से मेवाडा आने के दौरान यह वाहन रास्ते में संतुलन बिगड जाने से पलट गया। इस हादसे में हादसे में राजाराम आदिवासी (25 वर्ष) एवं भूरा आदिवासी (17 वर्ष) निवासी ग्राम मडखेड़ा, जिला शिवपुरी की मौत हो गई। दोनों के शवों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविवार की सुबह जिला अस्पताल में दोनो शवों का पोस्ट मार्टम कराकर उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



### ओवर लोड भरा था लोडिंग वाहन,नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी

प्रत्यक्षदर्शी लोगों की माने तो सडक दुर्घटना का शिकार हुए लोडिंग वाहन पिकअप पर जहां नंबर प्लेट नहीं लगी थी,वहीं मजदूर भी ओवर लोड सवार हुए थे। इसके अलावा यह पिकअप वाहन रात्रि के दौरान जिस रास्ते चिमलका से मेवाडा की तरफ आ रहा था,वह रास्ता भी सकरा होने के साथ साथ कच्चा ही बना हुआ था। ओवर लोड मजदूर भरे होने के कारण ही लोडिंग वाहन चालक का संतुलन बिगड गया और वह खेत में उतरकर पलट गया। हादसे के बाद लोडिंग वाहन का चालक भी फरार हो गया। जिसकारण मौके पर पहुंची पुलिस को लोडिंग वाहन का चालक नहीं मिला, मौके पर स्थित बिना नंबर प्लेट लगा लोडिंग वाहन पलटा हुआ मिला,जिसे पुलिस जब्त करते हुए मानपुर थाने ले गई।

### ये मजदूर हो गए घायल

इस हादसे में जो मजदूर घायल हुए है,उनमें कमल आदिवासी (25 वर्ष), पायल (16 वर्ष), काजल (15 वर्ष), ममता आदिवासी (38 वर्ष), बर्फीबाई (40 वर्ष), छम्मो (18 वर्ष), शांति आदिवासी (16 वर्ष), शकीना (16 वर्ष), संजय (13 वर्ष), राजा (7 वर्ष), कलेखा (34 वर्ष), निवास (30 वर्ष), शनिदेव (34 वर्ष), लीला (40 वर्ष), अमर सिंह (22 वर्ष), ध्रुव (12 वर्ष) सहित अन्य मजदूर शामिल हैं। सभी घायलों का जिला अस्पताल श्योपुर में उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### इधर ट्रैक्टर की टक्कर से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

कोतवाली थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर लगने से घायल हुए बुजुर्ग सियाराम मेहर की इलाज के दौरान कोटा में मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि सलापुरा में श्री रामकृष्ण धर्मशाला के पीछे निवासी सियाराम 68 वर्ष पुत्र कल्लाराम मेहर गत 6 जुलाई को जब नागदा रोड से पैदल गतंव्य की ओर जा रहा था,तभी उसे एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे सियाराम गंभीर घायल हो गया। जिसे परिजन इलाज के लिए राजस्थान के कोटा अस्पताल ले गए। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भतीजे हरिओम मेहर की रिपोर्ट पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### इनका कहना..

हादसे में घायल मजूदरो को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल करा दिया है,जबकि जो दो लोग मृत हुए,उनके शवो को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वाहन को जब्त करते हुए उसके चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की दी गई है।

**सतीश कुमार दुबे**
**थाना प्रभारी मानपुर**

## एक काले कलर की स्कार्पियो गाड़ी भी पकड़ी,जिसमें मिला 20 लाख कीमत का गांजा और स्मैक

# राजस्थान के टोंक जिले में गांजा और स्मैक की तस्करी करते पकड़े श्योपुर के तीन लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राजस्थान के टोंक जिले की उनियारा थाना पुलिस ने गांजा और स्मैक की तस्करी करते हुए चार लोगो को दबोचा है। चारो आरोपियों से पुलिस ने करीब 20 लाख का गांजा और स्मैक के साथ ही एक काले कलर की स्कार्पियों भी पकड़ी गई है। पकड़ो गए चारो आरोपियों में तीन आरोपी श्योपुर जिले के निवासी है। राजस्थान की उनियारा पुलिस ने श्योपुर पुलिस से तीनो आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी मांगी है।

राजस्थान के उनियारा थाने के एएसआई रतनलाल मीणा ने बताया कि थाना प्रभारी कप्तान सिंह मय टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर कामधेनु सर्किल उनियारा के आगे नैनवा रोड़ पर एक काले रंग की स्कारपियो गाड़ी चेक किया गया। तलाशी के दौरान कार में सवार चारो युवको के कब्जे से 5 किलो 60 ग्राम गांजा, 69.35 ग्राम स्मैक मिली। स्मैक वो गांजा को जब्त कर स्कॉर्पियो को भी जब्त कर लिया गया। इसके साथही चारो आरोपियों को भी पकड लिया है। पकडे चार आरोपियों के नाम सलमान (34) पुत्र रशीद खान निवासी हसनपुर कालोनी वार्ड न0 16 बडोदा मार्ग बंजारा डेम श्योपुर पुलिस थाना कोतवाली श्योपुर, अमन सिंह (26)पुत्र रविन्द्र सिंह भदोरिया निवासी हीरापुर पुलिस थाना मानपुर, राकेश (32) पुत्र प्रकाश सिंह भदोरिया निवासी गिरधरपुर पुलिस थाना मानपुर तथा चैथा आरोपी सुरेश (30) पुत्र मीठालाल निवासी बंसल पेट्रोल पम्प के पिछे वार्ड न0 18 शिव सज्जन कालोनी उनियारा बताए है। आरोपियों के कब्जे से चार एन्ड्रोयड मोबाईल फोन और 4780 रुपए भी जब्त किए गए हैं।




### उनियारा पुलिस ने मांगा आपराधिक रिकॉर्ड

राजस्थान की उनियारा थाना पुलिस ने गांजा और स्मैक की तस्करी करते हुए श्योपुर जिले के जो तीन आरोपी पकडे गए है,उनके आपराधिक रिकॉर्ड के संबंध में श्योपुर पुलिस से जानकारी मांगी है। दो आरोपियों अमन सिंह भदौरिया और राकेश भदौरिया ने अपना पता हीरापुर गिरधरपुर थाना मानपुर बताया है। इसलिए इन दोनो के संबंध में उनियारा थाना पुलिस ने मानपुर थाना से आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी मांगी है। वहीं सलमान ने अपने पते में श्योपुर कोतवाली थाना क्षेत्र बताया है। इसलिए सलमान के सबंध में उनियारा पुलिस ने कोतवाली पुलिस से आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी मांगी है।

# आंगनबाड़ी कर्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन करते हुए राष्ट व्यापी मांगो को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा है जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ट्रेड यूनियन से बाहर रखने का षड्यंत्र बंद करने कार्यकर्ता सहायिका को सरकारी दर्जा दिए जाने वेतन वृद्धि किए जाने की मांग प्राथमिकता से अंकित की गई है। इसके आलावा स्थानीय मांगों का निराकरण के लिए भी जिलाधिकारी का नाम मांग पत्र दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिला अध्यक्ष राजकुमार राजपूत के नेतृत्व में सीडीपीओ नितिन मित्तल को सौंपे गए ज्ञापन में कई बिंदु का ज्ञापन सौपा जिनमें कई राष्ट्रीय स्तर की और कुछ राज्य स्तर की मांगे हैं कुछ मांगे जिला स्तर की भी है। मुख्य मांग वेतन वृद्धि की है जिसका उल्लेख करते हुए लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिका को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने और उनका वेतन बनाए जाने के निर्देश दिए हैं लेकिन राज्य सरकार और केंद्र सरकार वेतन नहीं बढ़ा रही है केंद्र सरकार ने जो वेतन वृद्धि की थी राज्य सरकार ने उसमें से अपनी वेतन में कटोत्री करते हुए मानदेय सिर्फ 10000 सीमित कर दिया है उसे बढ़ाया जाए साथ ही मध्य प्रदेश सरकार द्वारा केंद्र सरकार के पोषण टेकर ऐप के साथ संकल्प ऐप चला रही है दोनों में समानता है लेकिन कार्यकर्ताओं को डबल मेहनत करनी पड़ रही है जिसका उद्देश्य कुछ नहीं है।



# घर में घुसे चोर ने मकान मालिक को सिर में डंडा मार कर घायल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के बगवाज में बीती रात को एक घर में घुसा चोर न केवल करीब 40 हजार रूपए का माल चोरी कर ले गया,बल्कि नींद खुलने पर मकान मालिक को सिर में डंडा मारकर घायल भी कर गया। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ विभिन्न धाराओ में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम बगवाज निवासी मोहम्मद अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को घर में कोई अज्ञात चोर दाखिल हो गया। खटपट की आवाज होने पर मेरी नींद खुल गई तो चोर ने मुझे सिर में डंडा मारकर घायल कर दिया। रिपोर्ट में मोहम्मद अहमद ने यह भी बताया कि चोर घर के अंदर से 30 हजार रूपए नकदी और एक चांदी का कडा भी लेकर भाग गया। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी और मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### कम अंशदान में 60 वर्ष की आयु के बाद 3 हजार रुपए मासिक पेंशन की गारंटी

श्योपुर। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएम-एसवाईएम) योजना श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और जनकल्याणकारी पहल साबित हो रही है। योजना के माध्यम से लाखों श्रमिकों को वृद्धावस्था में सम्मानजनक जीवन जीने का आर्थिक आधार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई है कि यह योजना श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। योजना का लाभ ऐसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को दिया जाता है, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो, मासिक आय 15 हजार रुपये तक हो तथा जो आयकरदाता न हों। इसके अलावा ईपीएफओ, ईएसआईसी अथवा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के सदस्य भी इस योजना के लिए पात्र नहीं हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत लाभार्थी को अपनी आयु के अनुसार प्रतिमाह 55 रुपये से 200 रुपये तक अंशदान जमा करना होता है। विशेष बात यह है कि श्रमिक द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान भारत सरकार भी प्रदान करती है। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्राप्त होती है, जिससे उसे वृद्धावस्था में आर्थिक संबल मिलता है। योजना में पंजीयन की सुविधा एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से उपलब्ध है। इच्छुक श्रमिक आधार कार्ड, बैंक खाते की जानकारी और मोबाइल नंबर के साथ अपने निकटतम एमपी ऑनलाइन केंद्र अथवा कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर आसानी से पंजीयन करा सकते हैं।

# आज से शुरू होगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तीसरा चरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत की जा रही है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित यह विशेष अभियान आगामी 13 जुलाई से 18 जुलाई तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य ध्येय दुग्ध उत्पादन में वृद्धि, मध्यप्रदेश की समृद्धि के संकल्प को साकार करना है। अभियान के दौरान विभाग के विशेषज्ञ और मैदानी अमला सीधे पशुपालकों से संपर्क करेंगे और उन्हें डेयरी व्यवसाय को अधिक लाभदायक बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों से अवगत कराएंगे। अभियान के दौरान स्थानीय मवेशियों की नस्ल में सुधार कर दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उपाय। मवेशियों के लिए संतुलित आहार, हरा चारा प्रबंधन और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ। पशुओं को विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए समय पर टीकाकरण के प्रति जागरूकता।

उन्नत तकनीक के माध्यम से बछड़ियों के जन्म को बढ़ावा देने की तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी, जिससे भविष्य में दुग्ध उत्पादन में तेजी से वृद्धि हो सके। पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने जिले के सभी पशुपालकों और किसानों से अपील की है कि वे 13 से 18 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और शासकीय योजनाओं एवं आधुनिक तकनीकों का लाभ उठाकर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएं।

# श्योपुर की 1 लाख 7 हजार 758 बहनाओं के खातों में आई 1500-1500 रुपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा रविवार को भिण्ड जिले के लहार में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम के माध्यम से 38वी किस्त के रूप में प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को 1835 करोड़ राशि का अंतरण किया गया।

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों पर कार्यक्रम आयोजित कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले की 01 लाख 07 हजार 758 लाडली बहनाओं को उनके बैंक खाते में 1500-1500 रूपये की राशि प्राप्त हुई। श्योपुर की लाडली बहनाओं को माह जुलाई के लिए कुल 15 करोड 90 लाख 83 हजार 800 रूपये की राशि अंतरित की गई। योजना के तहत श्योपुर जिले में कुल 1 लाख 7 हजार 758 बहनों को लाभ मिला है। नगरपालिका श्योपुर क्षेत्र की 11 हजार 668, नगर परिषद बडौदा क्षेत्र की 3355, नगर परिषद विजयपुर क्षेत्र की 2794, जनपद पंचायत क्षेत्र श्योपुर की 43 हजार 474, जनपद पंचायत कराहल क्षेत्र की 11 हजार 527 तथा जनपद पंचायत विजयपुर क्षेत्र की 34 हजार 940 लाडली बहनाओं को यह राशि प्राप्त हुई है।



## दुकानदार नहीं रख रहे किताबें अभिभावक हो रहे परेशान

# सुविधा के बजाए असुविधा पैदा कर रही निजी स्कूलों में एनसीआरटी किताबों की अनिवार्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सरकारी स्कूलों के साथ-साथ प्राइवेट स्कूलों में भी बस्ते का बोझ कम करने और निजी प्रकाशकों के किताबों के बजाय एनसीआरटी की किताबें चलाए जाने के निर्देश की पालना कराने के चक्कर में श्योपुर जिले में अभिभावकों को सुविधा मिलने के बजाय असुविधा का सामना अधिक करना पड़ रहा है। प्राइवेट स्कूलों को सरकारी किताब नहीं मिल रही है और बुक सैलर उक्त किताबों को विक्रय के लिए रख ही नहीं रहे हैं, जिससे निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश के पालन में तत्कालीन कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिला स्तरीय शिक्षा समिति की बैठक लेकर एक आदेश पारित कराया था जिसमें सभी निजी स्कूलों में एनसीआरटी की किताबे चलाए जाने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया है। हालाकि कलेक्टर के इस आदेश का पालन कराने के लिए शिक्षा विभाग निजी स्कूलों में निरीक्षण करके एनसीआरटी की किताब चलाने की कवायद तो खूब की लेकिन चोरी छुपे तब भी प्रायवेट स्कूलों निजी प्रकाशकों की किताबें चलाकर अभिभावकों को लूटा जाता रहा और आज भी लूटा जा रहा है। इस काम में बुक सैलर निजी स्कूल संचालकों की मदद दुकानों से ये सरकारी किताबें गायब करते हुए कर रहे हैं। जहां स्कूल शिक्षा विभाग शत प्रतिशत स्कूलों में एनसीआरटी की किताबें ही चलाने का दावा कर रहा है वहीं अभिभावक शिक्षा प्रशासन की इस कवायद और बंदर घुड़की बताकर निजी स्कूल संचालकों द्वारा अपना शोषण होना बता रहे हैं। कई अभिभावक प्रायवेट स्कूल संचालकों द्वारा लूट करने का आरोप लगाते हुए सोशल मिडिया पर भड़ास निकालने के आलावा कुछ नहीं कर पा रहे हैं।



### कलेक्टर के नहीं शासन के हैं निर्देश

तत्कालीन कलेक्टर ने एनसीआरटी किताबें चलाने के जो निर्देश दिए थे वो सरकार के ही आदेश थे जो जिला स्तरीय समिति द्वारा लिया गया था और ये नियम हमेशा प्रचलित रहते हैं। दर असल मध्यप्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के तहत जिला कार्य समिति ने निर्णय लिया था कि कक्षा 1 से कक्षा 12 तक की कक्षा में राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित की जा रही किताबें ही चलाई जायगी। प्री-प्रायमरी केजी-12 के लिए एनसीआरटी पब्लिकेशन की उपलब्ध पुस्तके ही उपयोग में लाई जायेगी।

### अन्य सामान भी महंगे दामों पर लेने को मजबूर

सिर्फ किताबें ही नहीं टाई, बेल्ट जूते एवं अन्य शैक्षणिक समग्रियों को किसी निर्धारित दुकानो से खरीदने के लिए दवाब डाला जा रहा था जिसे रोकने के लिए भी प्रावधान किया गया था। पुस्तकविताओं को अपनी दुकानों पर एनसीआरटी की पुस्तके अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए गए थे।

### क्या दिए थे तत्कालीन कलेक्टर ने निर्देश

दरअसल तत्कालीन कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जिले में सभी अशासकीय विद्यालयो में एनसीआरटी की पुस्तके पाठ्यक्रम के रूप में चलाये जाने के संबंध में आदेश जारी किए गए थे। अलग-अलग कोर्स और किताबे चलाने को लेकर मिली शिकायतों के मद्देनजर जिले में पहली बार इस प्रकार का आदेश जारी किए गए थे । श्योपुर जिले के अंतर्गत सीबीएसई एवं अन्य बोर्ड से प्राप्त मान्यता के आधार पर संचालित सभी अशासकीय विद्यालय कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक में एनसीआरटी की पुस्तके ही कोर्स के रूप में चलाने के निर्देश दिए गए थे और स्कूल संचालकों ने इसकी सहमति भी दी थी लेकिन अभिभावकों ने तब भी आरोप लगाए कि निजी स्कूल संचालक एनसीआरटी के बजाए अपना ही कोर्स चला रहे हैं और आज भी लगा रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि उन्हें कई गुना दामों पर यह किताबें खरीदनी पड़ रही है। साथ ही जूते, मोजे, टाई इत्यादि भी स्कूलों से ही खरीदने पड़ रहे हैं। दुकानों पर उक्त किताबें सस्ती होने और कमीशन कम होने के कारण उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।

### इनका कहना है...

मेरा भतीजा कक्षा 9वी में पड़ता है उसके लिए मुझे एनसीईआरटी की किताबें चाहिए ना तो स्कूल प्रबंधन उपलब्ध करा पा रहा है ना ही किसी दुकान पर मिल रही है। सरकारी स्कूलों में भी संपर्क साधा लेकिन वहां पर जो विद्यार्थी पढ़ते हैं सिर्फ उन्हें ही किताबें दी जाती है।

**डॉ विशाल शर्मा**
**अभिभावक**

एनसीईआरटी की किताबें बुक सेलर नहीं रख रहे हैं यह जानकारी मुझे आपसे मिली है अभी तक किसी अभिभावक ने शिकायत नहीं की है फिर भी मैं टीम भेज कर जांच करवाता हूं जो बुक सेलर किताबें नहीं रखेंगे उनके खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे।

**यश जैन**
**डीईओ श्योपुर**

# मामाओं ने मिलकर भानजे को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुनवई में रविवार को चार मामाओ ने मिलकर अपने भानेज की गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने भानेज की रिपोर्ट पर उसके चार मामाओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम सुनवई निवासी विकास जाटव पुत्र अजय जाटव ने विजयपुर थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि पुरानी बातो को लेकर उसका रास्ता उसके मामा हरपत, अर्जुन, इंसाफ और धर्मसिंह जाटव ने मिलकर रोक लिया और गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने विकास की रिपोर्ट पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### इधर गोलीपुरा से युवती लापता

विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोलीपुरा इकलौद से एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अपने घर से लापता हो गई। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि मंदीपा आदिवासी 24 वर्ष पुत्री हाकिम आदिवासी रविवार को बिना बताए अपने घर से कहीं चली गई है। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद उसका कोई अता पता नहीं है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन शुरू

श्योपुर। श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्धेश्य से भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। योजना के अंतर्गत बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के अध्ययनरत संतानों को स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

# सुरमयी श्योपुर- सावन संध्या आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा की पहल पर शुरू हो रहे क्रियेटिव श्योपुर की संकल्पना पर आधारित पहला कार्यक्रम 13 जुलाई को श्री हजारेश्वर मेला रंगमच श्योपुर पर शाम 6.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। क्रियेटिव श्योपुर अंतर्गत आयोजित होने वाला यह पहला कार्यक्रम सावन की थीम पर आधारित होगा। सुरमयी श्योपुर-सावन संध्या के इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारो, लोक गायको तथा गीत-संगीत में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों, आम नागरिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंच उपलब्ध होगा। सांस्कृतिक गतिविधियों को बढावा देने के उद्देश्य से आयोजित सुरमयी श्योपुर-सावन संध्या गीत संगीत कार्यक्रम में स्थानीय बोली-भाषा, गायनशैली, लोक गीत सहित स्थानीय वादय यंत्रों के वादन से जुडे लोक कलाकारों को प्रोत्साहन हेतु मंच उपलब्ध कराया जा रहा है।

## खबर संक्षेप




### नीली लौ अपनाएं, सुरक्षित घर बनाएं

**बीना।** नीली लौ अपनाएं, सुरक्षित घर बनाएं अभियान के अंतर्गत राय गैस एजेंसी के संचालक छोटा बाबू राय द्वारा ग्राम बरखेड़ी टांडा में एलपीजी सेफ्टी क्लिनिक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत बरखेड़ी टांडा सरपंच रानी राजेश आदिवासी का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही ग्राम सचिव कृष्ण कुमार पटेरिया और रोजगार सहायक सावित्री वाई का भी सम्मान किया गया। इसके पश्चात अंजलि एवं मयंक तिवारी द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग, गैस रिसाव से बचाव तथा आवश्यक सुरक्षा सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी एवं समझाइश दी गई। साथ ही एमआई, केवाईसी एवं के संबंध में भी विशेष रूप से जानकारी देकर सभी उपभोक्ताओं को जागरूक किया।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी राकेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भवानी अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजतला सेहदी निवासी हरपाल सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विपिन दीप सिंह, रविन्द्र सिंह सिक्ख ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिनोतिया फूट निवासी प्रकाश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सतेन्द्र और रविन्द्र यादव ने मरी भैंस फेंकने के विवाद पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सतेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रकाश और अरबिंद यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत अखाईटप्पा निवासी सिरिया कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्ला जाट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ध्यानपुर निवासी कमलेश बाई जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राकेश और गजराम जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईंदौर निवासी सुखलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोलू, दीपक, हल्के रविन्द्र सिबलू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूडरा कला निवासी अवधेश धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चन्द्रभान, शिवराज और रघुवीर धाकड़ ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कैथन निवासी राजवीर सोलंकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उदल,दीपू, धमेन्द्र ने डंडों से मारपीट की।

### 1905 में डाकघर की स्थापना हुई थी, 121 वर्ष बाद डाकघर को मिल रहा है नया भवन

# अशोकनगर मुख्यालय पर डाकघर का नया भवन सजधज कर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अंग्रेजी हुकुमत के दौरान अशोकनगर जिला मुख्यालय पर डाकघर की स्थापना की गई थी, यह डाकघर तब से एक ही स्थान पर चलता रहा, जब केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दूरसंचार मंत्री पहली बार बने थे तब इस डाक घर का मोडिफिकेशन किया गया था।

अब जब दूसरी बार संचार मंत्री बने हैं तब फिर से भवन का नए सिरे से निर्माण किया गया है। डाक घर की यह खूबसूरत इमारत अब केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के कर कमलों से उदघाटन का इंतजार कर रही है।




### ट्रेन में भी आरएमएस का डिब्बा चलता था

यहां से निकलने वाली कोटा बीना ट्रेन में एक आरएमएस का डिब्बा भी चलता था जिससे डाक बोरों में आती थी, जो स्टाफ डिब्बों में रहता था वह डिब्बे में ही बैठकर डाक की छटाई करता था। इसी डाकघर में तार घर भी चलता था, और टिक टिक की आवाज सुनाई पड़ती थी, लोग मिनटो में तार करके संदेश एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजते थे। यह सभी दौर यहां के पुराने पोस्ट ऑफिस की इमारत ने देखे थे।

### पहले यह पछार गांव था,अब अशोकनगर हो गया है

आज जो शहर जिला मुख्यालय है, कभी वह पछार गांव के नाम से जाना जाता था, अशोकनगर स्टेशन का नाम टकनेरी था, और गांव का नाम पछार था। उस समय यहां पर डाकघर संचालित हुआ करता था। इसी डाकघर के पीछे स्टाफ को रहने के लिए आवासीय क्वार्टर थे, यानी केन्द्र सरकार के विभाग एक लाइन में एक स्थान पर बने थे जिनमें डांक बंगला, डाक घर और दूर संचार विभाग शामिल है। हालांकि दूर संचार विभाग का भवन अंग्रेजी हुकुमत के समय का नहीं है, लेकिन डाक घर और डाक बंगला एक समय के ही बने थे।

### पहले डाक का इंतजार होता था अब ऐसा नहीं होता

पछार से यह शहर पहले तहसील बना और इसका नामकरण 1956 में अशोकनगर किया गया। यह उस समय परगना कहलाता था। 2003 में इस अशोकनगर शहर को जिला मुख्यालय का दर्जा मिला यानि इस शहर में गांव से तहसील और तहसील से जिले का सफर तय किया है। यह वहीं डाक घर है जहां पोस्ट कार्ड, अंतरदेशी और लिफाफे से डाक आया जाया करती थी। डाक एक दिन में दो बार बटती थी, कई बार अनेक लोग स्वयं डाकघर पहुंचकर अपनी चिटठी मांगने पहुंचते थे और कई लोगों को अपने घरों पर चिटठी आने का इंतजार रहता था। लोग घर पर बैठकर डाकिया का इंतजार करते थे।

### अब डाक घर बैंकिग प्रणाली में बदले

अब पोस्ट ऑफिस बैंकिग प्रणाली में तब्दील हो गए हैं, नई नई योजनाएं आ गई हैं अब पोस्ट कार्ड और अंतरदेशी नजर नहीं आते, उनका स्थान व्हाटस्एप और फेसबुक ने ले लिया है, शोसल मीडिया का युग आ गया है, इस कारण दूर संचार विभाग द्वारा पोस्ट ऑफिस का बैंक करण किया गया है। 121 वर्ष बाद अब डाक घर का नया भवन बना है, कई करोड़ रूपए की लागत से बने इस भवन में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगीं। यहां का डाकघर प्रधान डाकघर है और जो आज भी यह गुना के पोस्ट अधीक्षक के अंतर्गत आता है, गुना पोस्ट अधीक्षक ओपी चर्तुवेदी ने बताया कि इस प्रधान डाक घर के अंतर्गत 17 उप डाक घर हैं, और गांवों में आज भी पोस्ट ऑफिस संचालित हैं जिन्हे शाखा डाक घर कहा जाता है, जिनकी संख्या 140 है।

### कई प्रकार की आधुनिक सुविधाएं अब नए भवन में

जिला मुख्यालय पर जो नया भवन बना है, जिसमें एक हॉल का निर्माण किया गया है और सभी शाखाओं के लिए विभाजन कांउटर बनाए गए हैं। यहां कोर बैंकिग, इंडिया पोस्ट बैंकिग, एटीएम सुविधा, आधार कार्ड सुविधा सभी उपलब्ध होगीं। यहां 8 कांउटर बनाए गए हैं जो एक ही सीरीज में हैं, डाक घर परिसर में एक मंदिर का निर्माण भी किया गया है तथा पोस्ट मास्टर के निवास के लिए भवन के ऊपरी तल पर एक निवास भी बनाया गया है। इस बात की संभावनाएं जताई जा रही है कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 17 या 18 जुलाई को इस भवन का लोकार्पण कर सकते हैं, जिसकी जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। डाक घर का जमाना भले ही चला गया हो लेकिन डाक घर आज भी संचालित हैं।



### क्या कहना है इनका

अशोकनगर जिला मुख्यालय पर डाकघर का नया भवन बनाया गया है,जिसमें विभिन्न प्रकार की सुवधिाएं उपलब्ध कराई गई हैं। डाक विभाग द्वारा जितनी भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं उन सभी का लाभ उपभोक्ताओं को इस केन्द्र पर उपलब्ध होगा। यह प्रधान डाकघर है जो गुना पोस्ट अधीक्षक के अंतर्गत आता है। इस प्रधान डाकघर के द्वारा 17 उप डाक घर और 140 शाखा डाक घरों का संचालन किया जाता है।

**ओपी चतुर्वेदी पोस्ट अधीक्षक गुना**

### धर्मशाला में कुशवाहा समाज की बैठक

## मंदिर बनने से सामाजिक एकता जागृत होगीः नंदराम कुशवाहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

भगवान श्री लव कुश मंदिर धर्मशाला में कुशवाहा समाज की बैठक का शुभारंभ पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नोनीतराम कुशवाहा ने भगवान लव कुश का पूजन कर किया। भगवान श्री लव कुश जन सेवा समिति कुशवाहा समाज नगर एवं ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र बीना द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संपूर्ण आय व्यय समिति द्वारा बताया गया। लव कुश मंदिर, राज दरबार, गुंबत निर्माण कार्य शुरू करने पर विचार किया गया। भगवान की मूर्ति एवं स्थापना के विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष नंदराम कुशवाहा ने कहा कि बीना में विधानसभा स्तरीय लव कुश मंदिर का निर्माण हो रहा है। हम सभी के लिए गर्व का विषय है। मंदिर बनने से समाज में सामाजिक एकता धार्मिक सद भावना जागृत होगी। सामाजिक उत्थान ही समिति का लक्ष्य है। सचिव एडवोकेट हरिशंकर पटेल ने कहा कि विगत वर्षो अनुसार कुशवाहा समाज के वंशज भगवान लव कुश जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाए।

## गर्ल्स कॉलेज में प्रवेश मेला लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




शासकीय गर्ल्स कॉलेज में प्रवेश मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन के मार्गदर्शन में किया गया। प्रवेश मेले में बड़ी संख्या में छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने सहभागिता कर कॉलेज में संचालित विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

प्रवेश समिति द्वारा स्थापित सहायता केंद्रों पर छात्राओं को ऑनलाइन पंजीयन, दस्तावेज़ सत्यापन, विषय चयन तथा प्रवेश संबंधी सभी आवश्यक जानकारी एवं परामर्श प्रदान किया गया। कॉलेज के प्राध्यापकों ने छात्राओं को उच्च शिक्षा के महत्व, कैरियर की संभावनाओं तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रहितैषी योजनाओं से अवगत कराया।

प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने सभी छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपनी परिचित छात्राओं को कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करें, जिससे अधिक से अधिक बालिकाएं उच्च शिक्षा का लाभ प्राप्त कर सकें।

### शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने के बाद तहसीलदार ने राशि की अधिरोपित

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पथरिया में चरनोई की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने के बाद स्थानीय तहसीलदार के न्यायालय द्वारा शासकीय भूमि पर से बेदखली के आदेश जारी किए गए हैं, तथा अतिक्रमण किए जाने पर राशि अधिरोपित की गई है और अर्थदण्ड की राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। तहसीलदार द्वारा जारी आदेश में रामनरेश यादव, लाखन यादव, विनोद अहिरवार, नारायण यादव, संतराम यादव, रामवीर यादव आदि के नाम शामिल हैं।

### बच्चे राष्ट्र के भविष्य का हैं आधार

## स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जिला अशोकनगर द्वारा परिषद के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 80 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

मुख्य वक्ता केतन चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी केवल अपने भविष्य का निर्माता नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य का भी आधार है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मूल मंत्र छात्र शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति को स्पष्ट करते हुए कहा कि परिषद सदैव विद्यार्थियों की सकारात्मक ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण की दिशा में लगाने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता, सेवा भाव और चरित्र निर्माण के संस्कार विकसित करने का कार्य करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का भी निर्वहन करें। अनुशासन, संस्कार, सेवा और संगठन के माध्यम से एक सशक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतर सिंह कनेश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपने व्यक्तित्व, चरित्र और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का निर्माण करने का सबसे महत्वपूर्ण काल होता है। युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएँ तो वे न केवल अपने परिवार और समाज, बल्कि पूरे राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान-पत्र प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। वक्ताओं ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, राष्ट्र निर्माण एवं प्रतिभाओं के सम्मान के लिए कार्य करती रही है और आगे भी इसी प्रकार विद्यार्थियों के हित में कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षकगण एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पदोन्नति को लेकर एसपी ने शासन को सूची भेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




जिला अशोकनगर अंतर्गत 90 आरक्षकों/कार्यवाहक प्रधान आरक्षकों को प्रधान आरक्षक के पद पर किया गया। नियमित पदोन्नत, 83 प्रआर0 से सउनि0, 35 सउनि0 से उनि0, 05 सूबेदार से रक्षित निरीक्षक, 16 उनि0 से निरीक्षक एवं 05 निरीक्षक से उप पुलिस अधीक्षक के पद पर नियमित पदोन्नति हेतु वरिष्ठ कार्यालय प्रस्ताव भेजे गए।

वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के अंतर्गत पदोन्नति किये जाने के निर्देश प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिला पुलिस बल के 90 आरक्षकों से प्रधान आरक्षक पद पर नियमित पदोन्नति प्रदान की गई जिनमें प्रआर0 से सउनि0 सउनि0 से उनि0, सूबेदार से रक्षित निरीक्षक, उनि0 से निरीक्षक एवं निरीक्षक से उप पुलिस अधीक्षक के पद पर नियमित पदोन्नति हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय भेजे गए। विभागीय नियमों एवं निर्धारित मापदण्डों के आधार पर जिला पुलिस बल में तैनात 07 आरक्षकों एवं 83 कार्यवाहक प्रधान आरक्षकों को प्रधान आरक्षक पद पर नियमित पदोन्नति दी गई। पदोन्नति प्रक्रिया के अंतर्गत पात्र अधिकारी/कर्मचारियों की सेवा अभिलेख, वरिष्ठता, गोपनीय चरित्रावली, विभागीय दण्ड एवं अन्य निर्धारित पात्रता शर्तों का परीक्षण नियमानुसार किया गया है। इसी प्रकार प्रआर0 से सउनि0 के पद पर पदोन्नति हेतु 83, सउनि0 से उनि0 के पद पर नियमित पदोन्नति हेतु 35, सूबेदार से रक्षित निरीक्षक के पद पर नियमित पदोन्नति हेतु 05, उनि0 से निरीक्षक के पद पर नियमित पदोन्नति हेतु 16, निरीक्षक से उप पुलिस अधीक्षक के पद पर नियमित पदोन्नति हेतु 05 अधिकारियों के प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजे गये है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने पदोन्नति प्राप्त करने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा व्यक्त की है कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं प्रोफेशनल दक्षता के साथ करेंगे ।

